षडयंत्र है विकासशील देशों को नष्ट करने का, इसमें एक बहुत बड़ी साजिश हमें मालूम होती है उन साम्राज्यवादी राष्ट्रों की जो विकासशील देशों को नष्ट करना चाहते हैं या विकासशील देशों के नेता हिंदुस्तान को नष्ट करना चाहते हैं। जो आतंकवादी आज पंजाब में उपद्रव मचाये हुए हैं एक इन्टरनेशनल स्टडी के मुताबिक ड्रग का इस्तेमाल करने वाला जो व्यक्ति होता है उसे किसी दूसरे की जान लेने या अपनी जान खत्म करने में कोई मोह नहीं होता है, किसी को गोली मार देना या अपने को गोली मार देने में उन्हें कोई मोह नहीं होता, आत्महत्या करने या दूसरे किसी को गोली मार देने में उन्हें कोई मोह नहीं होता। पाकिस्तान में जितने भी आतंकवादियों को ट्रेनिंग दी जा रही है उनमें से 90 प्रतिशत ड्रग एडिक्ट्स हैं। इनमें करीब करीब सौ प्रतिशत ही वे हैं जो अफीम, गांजा, चरस, हेरोइन और हशीश का इस्तेमाल करते हैं। इनको खालिस्तान का नारा देकर ट्रेनिंग दे करके एक राजनीतिक अस्थिरता पैदा करने के लिए भेजा जाता है। इनके पीछे विदेशी शक्तियों का हाथ है। इससे आज देश के सामने सबसे बड़ा खतरा उत्पन्न हो गया है। डा० नाजमा हैपतुल्ला जी आपको जानकारी होगी कि दिल्ली में ड्रग का इस्तेमाल बढ़ रहा है या बम्बई, मद्रास या कलकत्ता में बढ़ रहा है या महानगरों में बढ़ रहा है ऐसी बात नहीं है इस ड्रग का इस्तेमाल तो गांवों के स्तर पर भी होने लगा है। पिछले सत्र के बाद मुझे पूर्वी उत्तर प्रदेश में दौरा करने का मौका मिला। पूर्वी उत्तर प्रदेश के जिस जिले में मैं गया उस जिले के अंदर गांजा, चरस, हेरोइन, हशीश के इस्तेमाल की बात हमने सुनी। लड़के इसको इस्तेमाल करके बीमार पड़ जाते हैं और मर जाते हैं। इनका नशा ऐसा है कि जो एक बार इनका इस्तेमाल कर लेगा तो इसके लिए और भी चाह बढ़ेगी, बैचैनी बढ़ेगी और बिना इसके वह जिन्दा नहीं रह सकता। उत्तर प्रदेश में गाजीपुर में एक अफीम का कारखाना है। उस कारखाने में अफीम को कुछ परिष्कृत करके हेरोइन और हशीश बनाया जा रहा है। आज इस काम में तस्कर बहुत सक्रिय हो गये हैं। जो हेरोइन हमारे यहां एक लाख रुपये में बिकती है उसी का दाम अमेरिका बाजार में 10 लाख रुपये है तथा दुनिया के अन्य बाजारों में 25 लाख रुपये है। अतः जो इस तरह के अपराधी हैं वे तस्करी के व्यापार को बहुत व्यापक पैमाने पर कर रहे हैं। उपसभापति महोदय, मैं आप से कहना चाहता हूं कि इस पूरी तस्करी में पुलिस, तथाकथित बड़े आदमी गुंडे और बेकार नौजवान इन तीनों का एक त्रिकोण बना हुआ है। तस्करी के इस काम को कराने में पुलिस का बहुत बड़ा हाथ है। मैं पूछना चाहता हूं कि सरकार से कि कोई इसके खिलाफ कानून बनाया गया है। मैं सरकार से जानना चाहता हूं कि हिंदुस्तान में कितने इस तरह का धंधा करने वाले लोग पकड़े गये हैं। पिछले एक साल में कितने लोगों को सजा हुई, इसके खिलाफ कितना व्यापक जनसम्पर्क किया गया ? जो बिल बना है उसके माध्यम से तस्कर कभी भी गिरफ्तार नहीं हो सकते हैं। जो बड़े बड़े स्मगलर्स हैं वे छोटे-छोटे बेकार नौजवानों के माध्यम से या बधुआ मजदूरों के माध्यम से इस तस्कर व्यापार को करा रहे हैं। इस तस्करी के व्यापार को करवा रहे हैं और जब तक सरकार उनको पकड़ नहीं सकती, उनके हाथ बड़े लम्बे हैं।

आदरणीय उपसभापति जी, इसलिए मैं केन्द्रीय सरकार से कहना चाहता हूं कि वह इस ड्रग एडिक्शन के सवाल पर, पूरे हिन्दुस्तान के राजनीतिक दलों का—विचार करने के लिए सभी राजनीतिक दलों का और सत्तारूढ़ दल की एक गोलमेज कांफ्रेंस बुलानी चाहिये और जो हिंदुस्तान आज गांजा, अफीम, हशीश, हेरोइन के तस्करी व्यापार का अन्तर्राष्ट्रीय अड्डा बनता जा रहा है, उस सवाल पर एक, दो दिन नहीं पूरे तीन दिन बैठ कर बहस करवानी चाहिये और इस रोग से मुक्ति पाने के लिये ठोस कदम उठाने चाहियें और ऐसे कानून बनाने चाहियें जिससे कि भारत की नई पीढ़ी को नष्ट होने से बचाया जा सके।

आदरणीय महोदय, देश की नई पीढ़ी के सामने भारी खतरा है, पूरे देश की आजादी के नष्ट हो जाने का खतरा उपस्थित

[श्री कल्पनाथ राय]

हो गया है और जितनी बड़ी ड्रग एडिक्शन की बीमारी है पूरे देश में, उसकी आप कल्पना नहीं कर सकते कि कितना बड़ा यह रोग किस सीमा तक देश में फैल गया है। जिस अनुपात में हम सोच रहे हैं, उससे कई हजार गुना ज्यादा यह बीमारी पूरे राष्ट्र के अन्दर संक्रामक रोग का रूप धारण कर चुकी है।

महोदय, बाड़मेर सीमा पर सुरक्षाबल के जवानों ने साढ़े सोलह करोड़ रुपये मूल्य की 329 किलो हीरोइन पकड़ी जो देश के मादक पदार्थों के इतिहास में सबसे बड़ी पकड़ है। इससे यह तथ्य प्रमाणित होता है कि भारत-पाक सीमा पर और विशेषतः राजस्थान सीमा पर तस्करी की गतिविधियां बढ़ रही हैं। अनुमान है कि यह हेरोइन अफगानिस्तान से पाकिस्तान होते हुये भारत के मार्ग से विदेशों को भेजी जाने के लिये थी। भारत में भी मादक पदार्थों की खपत होती है, पर उसकी मात्रा अभी कम है। बताया जाता है कि भारत हेरोइन एवं मादक पदार्थों की तस्करी का मुख्य मार्ग बन गया है जिसके एक ओर ईरान, अफगानिस्तान व पाकिस्तान तथा दूसरी ओर बर्मा, लाओस व थाईलैंड हैं। पाक-पंजाब सीमा पर निगरानी कड़ी होने के कारण राजस्थान व गुजरात की सीमाओं पर तस्करी व्यापक पैमाने पर हो रही है।

[उपसभाध्यक्ष (श्री एम० पी० कौशिक) पीठासीन हुए]

तस्करों और विशेषतः हेरोइन एवं मादक दवाओं के धंधे में भारी मुनाफा होता है। भारत में जो हेरोइन कुछ हजारों में मिलती है विदेशों में कई गुणा अधिक में बिकती है। भारत में हेरोइन की तस्करी में इसी कारण भारी विस्तार हुआ है। इसका दूसरा कारण सीमाओं पर इस धंधे की रोकथाम के ठोस उपाय एवं व्यवस्थाओं की कमी भी रही। लेकिन पंजाब में आतंकवाद के कारण सीमाओं पर अधिक सतर्कता बनी और इस कारण सीमा पर तस्करी भी पकड़ में आने लगी है। सन् 1983 के पूर्व सीमा तस्करी में हेरोइन नहीं होती थी। सन् 1984 में भारत-पाक सीमा पर 81 किलो और इस वर्ष जून माह तक 15 किलो हेरोइन पकड़ी गई है। अतः गत सप्ताह 329 किलो हेरोइन की पकड़ बहुत बड़ी और ऐतिहासिक है। इस पकड़ के लिये सीमा सुरक्षा के जवानों ने सतर्कता व सक्रियता दिखाई। तस्करों का मीलों तक पीछा किया और उन्हें घेर कर मोर्चा लिया।

यह घटना बताती है कि राजस्थान की सीमाओं पर तस्करी की गतिविधियां बढ़ गई हैं और इनकी रोकथाम की यथेष्ट व्यवस्थायें रहनी चाहियें। सीमाओं पर सुरक्षा बल है पर सीमावर्ती भागों में पुलिस एवं प्रशासन की सतत सावधानी रहनी चाहिये। एक कमी यह भी है कि तस्करी की रोकथाम के लिये कोई एक ठोस व्यवस्था नहीं है। अतः यह काम केन्द्रीय एवं राज्य की विभिन्न व्यवस्थाओं में बंटा हुआ है जिनके बीच आपसी समन्वय के अभाव तथा उपयुक्त साधनों की कमी रहती है। इसके साथ ही तस्करी होने और तस्करों को काम करने का मौका मिलता है।

उपसभाध्यक्ष महोदय, हिंदुस्तान में आज ड्रग एडिक्शन कालेजों, स्कूलों तथा विश्वविद्यालयों तक में फैल रहा है और आज मुझे आजादी की लड़ाई का इतिहास पुनः याद करने की जरूरत पड़ती है। महात्मा गांधी ने आजादी की लड़ाई के दौरान कांग्रेस पार्टी के माध्यम से शराब की दुकानों पर पिकेटिंग करवाई थी और सारे राष्ट्र में प्रोहिबीशन का नारा दिया था। 1947 में आजादी के मिलने तक महात्मा गांधी और कांग्रेस पार्टी ने लोक-शक्ति और जन-शक्ति का जागरण करके पूरे हिन्दुस्तान के माध्यम से नशीली शराब के बहिष्कार का एक व्यापक संघर्ष देश में किया था। लेकिन मैं सरकार से निवेदन करना चाहता हूं और कांग्रेस पार्टी की जनरल सेक्रेटरी राजमाता हेपतुल्ला जी से कहना चाहता हूं कि यह सवाल आल इंडिया कांग्रेस पार्टी में लेने का सवाल है। यह सवाल ब्लाक कांग्रेस से लेकर दिल्ली कांग्रेस तक का है और मैं देश के नए प्रधान मंत्री आदरणीय राजीव गांधी जी से अपील करना चाहता हूं कि प्रोहिबिशन को पूरे राष्ट्र के पैमाने पर लागू करने के संबंध में उन्हें विचार करना होगा। यह जनशक्ति और लोकशक्ति के जागरण के माध्यम से जुड़ा हुआ सवाल है। आज

रूस के जनरल सैक्रटरी गोरबाचोव द्वारा सब से पहला काम प्रधान मंत्री बनने के बाद पूरे रूस के अन्दर इस समय शराब के इस्तेमाल पर युद्ध स्तर पर काम किया जा रहा है। पिछले एक-दो वर्ष के अन्दर रूस के प्रधान मंत्री ने वहां जो सबसे बड़ा काम किया है वह यह है कि नशीले पदार्थों का इस्तेमाल शराब का इस्तेमाल, मादक पदार्थों का इस्तमाल रूस में कम किया जाए। इसके लिये युद्ध स्तर पर काम किया गया है। उपसभाध्यक्ष महोदय, हिंदुस्तान विकासशील देशों का नेता है। आज हिंदुस्तान चाहे वह साम्राज्यवादी षड़यन्त्र के कारण हो या उपनिवेशवादी षड़यंत्र के कारण हो या फिर जिन कारणों से भी हो आज वह एडिक्शन, चरस, गांजा, अफीम, हीरोइन, हशीश के आने-जाने का एक अड्डा बनता जा रहा है और आज पाकिस्तान तथा हिंदुस्तान की सीमा पर दुनिया में सबसे ज्यादा तस्करी हो रही है और थाईलैंड, बर्मा, लाओस, बांग्ला-देश की सीमा पर भी इसका व्यापक पैमाने पर तस्करी का व्यापार हो रहा है। उपसभाध्यक्ष महोदय, यह चीज केवल बम्बई, कलकत्ता या दिल्ली तक ही सीमित नहीं रह गई है बल्कि यह बीमारी हिंदुस्तान के गांवों तक भी फैल रही है। मैं स्वास्थ्य मन्त्री महोदय से निवेदन करना चाहूंगा कि सरकार द्वारा इसके लिये जनशक्ति और लोकशक्ति, पूरे राष्ट्र के अन्दर एक अभियान छेड़ा जाना चाहिये। इस काम को केवल सरकार ही नहीं कर सकती है, सरकार कानून बना देगी और वह तो बना है और मैं पूछना चाहता हूं कि कानून बनाने के बाद सरकार ने कितने अपराधियों को गिरफ्तार किया है और कितनों को सजा दी गई है? आज बड़े बड़े कुख्यात तस्कर पुलिस को अपनी पाकेट में रखते हैं। इनको कुचलना पोलिटिकल विल पावर के माध्यम से ही सम्भव हो सकता है। आज वे अरबपति और खरबपति हैं। आज वे अपने हाथों में गवर्नमेंट को चलाते हैं, आज ऐसी इनकी हालत हो गई है। क्या हो रहा है? 20 जगह स्मगलिंग हुई और पुलिस ने दो को पकड़ लिया, क्योंकि पुलिस को खाना पूर्ति करनी है। इतने व्यापक पैमाने पर यह व्यापार हो रहा है। पुलिस क्या करती है? 20 तस्कर के व्यापारी हैं और वे स्मगलिंग कर रहे हैं, लेकिन तीन आदमियों को पुलिस ने पकड़ लिया तो अखबारों में छप गया कि पुलिस बड़ा काम कर रही है। पुलिस अगर चाहे तो एक भी स्मगलर जिन्दा नहीं रह सकता है। इसलिये सरकार को इस मामले में सख्त कार्यवाही करनी होगी। पुलिस की अगर पूरी विजिलैंस हो तो सभी स्मगलर पकड़े जा सकते हैं। आज बड़े-बड़े तस्कर हाजी मस्तान से लेकर यूसुफ पटेल जैसे बड़े नामी स्मगलर आज हिंदुस्तान में हैं। आज तस्करों की इतनी हिम्मत बढ़ गई है कि वे पार्टी बनाने लगे हैं। धर्म और जातियों के ठेकेदार बनने लगे हैं। जहां वे फांसी के तख्ते पर चढ़ा देने के लायक हैं वहां इनकी हिम्मत इतनी बढ़ गई है कि ये पार्टियां बनाने लगे हैं और प्रदेश की सरकारों पर कब्जा करने के सपने देखने लगे हैं। आज तस्करों का कितना मन और बल बढ़ गया है हिन्दुस्तान के अन्दर कि तथाकथित बड़े आदमी, the so called big people plus the goondas, in connivance with unemployed youth

जो नौजवान बेकार हैं, आज करोड़ों, लाखों लोग, इस तस्करी के धंधे में लगे हुये हैं।

आदरणीय उपसभाध्यक्ष महोदय, पूर्वी उत्तर प्रदेश की सीमा पर नेपाल पड़ता है। नेपाल में 100-100, 200-200 मजदूरों को सीधे नेपाल से देवरिया के भटनी रेलवे स्टेशन होते हुये सरयू नदी पार करके ये गांजा ढुलवाते हैं, तस्कर खुद पीछे होते हैं और जो लोग भूखे, गरीब, मजदूर होते हैं, उनके माध्यम से गांजा ढुलवाते हैं। वे पकड़े भी जाते हैं, उनको सजा भी हो जाती है, छह छह महीने, आठ आठ महीने, साल साल भर की और जो बड़े बड़े तस्कर हैं, वे उनको खर्चा देते हैं, लेकिन खुद कानून की गिरफ्त में नहीं आते हैं। जो बड़े बड़े तस्कर हैं, गांजे के तस्कर हैं, जो अफीम के तस्कर हैं, जो हशीश के तस्कर हैं, ये सब के सब, इनके इंटरनेशनल गैंग हैं। इनके पास अरबों खरबों रुपये हैं और अपने रुपये की ताकत से वे नौकरशाही को अपने पैसे के बल पर खरीद कर तस्करी का व्यापार करते हैं।

[श्री कल्पनाथ राय]

उपाध्यक्ष महोदय, अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में जो सोने की स्मगलिंग होती थी, चांदी की होती थी, आज सोने चांदी को स्मगलिंग के स्थान पर अफीम, चरस, हीरोइन, हशीश की स्मगलिंग होती है और इसका जोर भी बढ़ता गया है क्योंकि पांच किलो की कीमत पांच करोड़ रुपये के लगभग होती है।

आदरणीय उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं यह कहना चाहता हूं कि अफीम, चरस, हीरोइन और स्मैक एक ही जहर के कई जाने पहचाने नाम हैं। यह वही जहर है, जिसने बड़ी तेजी से देश की युवा पीढ़ी को अपने शिकन्जे में कस लिया है। यह नशीले पदार्थ किस तरह हमारी सरहदों में दाखिल हुये और किस तरह देखते देखते एक लम्बी चौड़ी आबादी की रगों में फैल गये हैं। इन जहरीली चीजों ने किस तरह से एक देश से दूसरे देश की सीमाएं लांघ दी और हमारे अपने समाज के कई जिम्मेदार वर्गों ने इस जहर को फलने फूलने में मदद दी और किस तरह एक मामूली सी बुराई ने एक विशालता का रूप धारण कर लिया है.. (**समय की घंटी**) ..

आदरणीय उपसभाध्यक्ष महोदय, केवल दो मिनट का और मौका दीजिए। यह एक ऐसा सवाल है, जिसके लिये मैं पूरे देश की 70 करोड़ जनता की तरफ से डा० नाजमा हेपतुल्ला जी को धन्यवाद देना चाहता हूं। यह हमारे दिमाग में भी प्रश्न था और मैं भी प्रस्ताव लाने की कोशिश में था। लेकिन यह सवाल ऐसा सवाल नहीं है कि इसमें केवल एक दल के लोगों को इन्वोल्व किया जाए बल्कि पूरे देश में युद्ध स्तर पर, राष्ट्रीय पैमाने पर जनशक्ति को, राष्ट्र की लोक शक्ति को जगाने का काम है और इसमें देश की सभी राजनीतिक पार्टियों और सरकारी पार्टी के लोगों की गोलमेज कांफ्रेंस करके बैठ कर के इस सवाल पर विचार करना चाहिये, जैसे कि हमारे आदरणीय प्रधान मंत्री जी ने नीति के सवाल पर नेशनल डेवलपमेंट काउंसिल की मीटिंग बुलाई और सारे राष्ट्र की ओपिनियन को समझने की कोशिश की। वैसे ही ड्रग-एडिक्शन के सवाल पर, नशीले पदार्थों के सवाल पर और आज हिंदुस्तान जो एक बहुत बड़ा अखाड़ा बनता जा रहा है, उसके सवाल पर विचार करने के लिए हमें यहां पर गोलमेज कांफ्रेंस सभी राजनीतिक दलों की करनी चाहिये और सारे लोगों की राय से सख्त कानून इस देश की संसद् द्वारा बनाया जाना चाहिये कि ऐसे कामों में लिप्त लोगों को कम से कम फांसी की सजा होनी चाहिये, मिनिमम दे मस्ट बी हेंग्ड। अगर पूरे देश की नयी पीढ़ी नष्ट हो जाएगी तो हिंदुस्तान की आजादी क्या बच सकती है? देश की नयी पीढ़ी इसड्रग के इस्तेमाल से नष्ट हो जाएगी तो क्या बचेगा? आज मार्डन स्कूलों में, दिल्ली के सभ्य समाज के पढ़ने वाले बच्चों के बीच में, कालेजों में इन नशीले पदार्थों का इस्तेमाल चाकलेट, आइसक्रीम और अन्य खाने वाली चीजों के माध्यम से फैलाया जा रहा है (**समय की घंटी**)...

आदरणीय उपसभाध्यक्ष महोदय, जो सरकार अफीम की खेती कराती है। सरकार द्वारा दिए गए लाइसेंस के माध्यम से ही अफीम की खेती आज मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में हो रही है। जितनी भी अफीम पैदा होती है उस पूरी अफीम को सरकार को अपने नियंत्रण में लेना चाहिए ताकि जो अफीम की तस्करी होती है उसको रोका जा सके।

आखिरी बात कह कर मैं अपनी बात को समाप्त करूंगा। मैं समझता हूं कि चाहे बांग्ला देश की सीमा हो, चाहे बर्मा की सीमा हो, चाहे पाकिस्तान की सीमा हो, पुलिस की मिली भगत से जो तस्कर और आतंकवादी करोड़ों रुपए की स्मगलिंग का धन्धा कर रहे हैं उसको रोकने के लिए सरकार को कड़े कदम उठाने चाहिएं। पुलिस, तस्कर और गुंडों की मिली भगत के रिश्ते को तोड़ने का यही एक तरीका है कि ऐसे कठोर कानून बनाने चाहिएं जिनमें ऐसे अपराध के लिए फांसी की सजा मिनिमम सजा हो और दस बीस पचास आदमियों को फांसी पर लटका दिया जाय। उसके साथ-साथ राष्ट्र के पैमाने पर इस बुराई के विरुद्ध जनशक्ति और लोकशक्ति को जगाना चाहिए। आजादी की लड़ाई के पहले गांधी जी ने शराबबन्दी के लिए पूरे

राष्ट्र में व्यापक जन आन्दोलन चलाया था। आज हमारी पार्टी को उस जिम्मेदारी को निभाना है। जब तक पार्टी के माध्यम से, लोक शक्ति के माध्यम से, जनशक्ति के माध्यम से इस रोग का मुकाबला नहीं किया जाएगा हम कभी भी अपने देश की नई पीढ़ी को बचा नहीं पाएंगे और देश की नई पीढ़ी नहीं बचेगी तो आजादी की रक्षा भी हम नहीं कर पाएंगे। इन शब्दों के साथ हम डा० हेपतुल्ला के प्रस्ताव का समर्थन करते हैं।

SHRI SANKAR PRASAD MITRA (West Bengal): I thought of participating in the debate on this Resolution because to my mind this Resolution brings to light a vexed question in our public life today. The Resolution speaks of drugs and narcotics which are degenerating the nation and especially the younger generation.

Hon. Speakers who have already participated in this debate have said that it is well-known that certain drugs like LSD, the chemical name of which is; lysergic acid diethplamide, opium alkaloids Cocaine, Morphine cannabis indica and cannabis sativa are available in the market and are sold surreptitiously by corrupt dealers without any prescriptions or cash memos. It is difficult to believe that the police is not aware of these activities but hardly any action is taken to prevent them. I am indeed a bit surprised that the hon. Deputy Minister for Health is present here to reply to this debate. The debate concerns other departments much more than the Health Department, because the Health Department should be already aware of the injurious effects of these narcotics and drugs. They are even used in toffees and in drinks to create a euphoric effect on the consumers and people of all ages, particularly the students get addicted to these drugs and narcotics. We have all seen perhaps the consumption of cannabis indica and cannabis sativa in public places like burning ghats etc., before the eyes of police constables, but no action was taken. The drug addicts do not realise that they are gradually ruining their health their brains and memories. They even suffer from hallucinations and tendencies to murder. There are also cases of self-medication by injection of morphine to avoid stress and strain and also nervousness to act as a stimulant. We had an Opium Act and now we have a Drugs and Narcotics Act. The provisions were praised by our esteemed friend Mr. Ramakrishnan. But it seems to me that the recent enactment calls for a fresh look to combat the menace which is now prevailing in this country. Sources of plantation and production have to be strictly guarded to prevent easy sale of these products to members of the public and stringent measures have to be adopted against dispensing chemists—some of them well-known who commit the offences of selling these drugs and narcotics without prescriptors. without recording the names of physicians who have prescribed them and without any cash memos. About the new enactment fortunately only last evening I received by post a Journal called "Pharma trade" published by the All India Organisation of Chemists and Druggists Educational Trust. Its April issue contains an editorial and that editorial seems to me to be relevant to the subject under discussion. Renowned pharmacists and chemists are complaining that this new enactment is being implemented to harass persons who are perhaps comitting minor and technical offences, but the real culprits are going scotfree. Of course, I do not subscribe to the theory that even those who commit

[Shri Sankar Prasad Mitra]

minor or technical offences should escape. But the fact that this organisation is pointing out that the real culprits are not being caught by the Directorate concerned is indeed painful to us. Mr. Vice-Chairman, Sir, with your permission it is a very short editorial consisting of just a few lines let me read it to this House so that the present position under the law and the deficiencies in its implementation can be brought out clearly in the discussions on this Resolution. The editorial says, I quote:

> The requirements under the Packaged Commodities Rules and the Narcotic Drugs and Psychotropic Substances Act and Rules are only the latest burdens added to the load the pharmaceutical trade is already bearing.
>
> The punishments for offences under the Narcotics Act are very severe. Laws are made with good intentions, no doubt but what is happening is the honest trader is harassed by those laws, while the real offender carries on with his nefarious activities happily and rarely comes to be booked. Purpose of legislation is never served!
>
> It is not far from truth if it is said that the inspectorate does little to catch the real culprits, and unfortunately they spend all their time and energy to book the innocent trade and industry who if any would have committed only a technical fault or otherwise unintentionally and unwittingly.
>
> Even the latest law, that is the Narcotics Act, does not make such a distinction. As a result of such non-distinction the licensed dealer/manufacture who has taken to this vocation becomes liable even for a slight error for a jail term of 10 years or fine of one lakh of rupees, as the real culprit eludes the authorities and escapes the law and punishment.
>
> Therefore, it is necessary that law should make such distinction, and does not place minor offences on par with the major and technical on par with the intentional, and the severe punishment is made be applicable only to the offender in the real sense, and not to the one who, in the course of his profession had committed a technical and minor fault.
>
> Further the inspectorate's concern should be to book the real offenders who are mostly the unlicenced ones and not to, in the name of law, harass the bonafide licence holders."

As I have said in the beginning, I do not see jurisprudentially why persons committing technical and minor faults should not be punished? They should be punished. They ought to be punished. But it is indeed a pity that this editorial has to come out with main point, namely, that the inspectorate is weak; the inspectorate perhaps is corrupt and the inspectorate is not doing the duty assigned to it and the real culprits, due to sheer negligence or corruption of the inspectorate, whatever it may be, are escaping daily with the result that the entire society is suffering. That is why, I was stating in the beginning that it is unfortunate that only the hon'ble Deputy Minister for Health and Family Welfare is present here to listen to this debate. This debate really concerns other departments of the Government particularly, the Finance department and the department of Social Welfare as well as the Ministry of Law and Justice because

I do recommend that the new Act which was passed only last year still contains numerous loopholes to be plugged. The Government rejected the demand for reference to a Select Committee. Perhaps these loopholes could have been plugged by the select Committee. But by getting the Act passed hurriedly, with good intions no doubt, with bona fide intentions no doubt, these loopholes have been left untouched.

The second part of the Resolution is as important as the first one, namely, that the Social Welfare Department and the Health Department should take upon themselves the task of seeing that institutions are set up, particularly in notorious urban areas, for hospitalisation of these addicts so that they may be cured of the illness they suffer from, because to start with, they get addicted and the addiction leads to a serious illness injuring health, injuring the entire future of the person concerned and endangering the society at large. I hope the Government will take active measures to combat these evils as quickly as possible. Thank you.

श्री बी० सत्यनारायण रेड्डी (आन्ध्र प्रदेश) : उपसभाध्यक्ष महोदय, जो प्रस्ताव डा० नाजमा हेपतुल्ला जी ने इस सदन के सामने पेश किया है बहुत ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने न सिर्फ इस सदन का बल्कि सारे देश का ध्यान खतरनाक जहरीली और नशीली चीजों की तरफ दिलाया है। क्योंकि वह सरकारी पार्टी की एक महासचिव हैं मैं समझता हूं कि उनका जो यह प्रस्ताव है जिसकी ओर सदन का ही नहीं सारे देश का ध्यान खींचा गया है सरकार इस तरफ ध्यान देगी और इस प्रस्ताव को मंजूर करने में पीछे नहीं हटेगी। जैसा कि इस प्रस्ताव के जरिये महोदया ने बताया कि इन जहरीली चीजों से, इन नशीली चीजें, जो विदेशों से स्मगल्ड हो कर आती हैं इससे न सिर्फ समाज बल्कि सारा देश कमजोर बन रहा है और यह न सिर्फ नौजवानों में फैल रही हैं बल्कि बच्चों में भी यह चीज फैल रही है। यह बड़े-बड़े शहरों में ही नहीं गांवों तक भी यह चीज फैल गई है यह जो प्रस्तावक महोदया ने बताया यह बिल्कुल सही बताया। सरकार को चाहिए इस समस्या को हल करने के लिए, इसको रोकने के लिए जो कुछ भी कदम उठाये जा सकते हैं, उठाये जाने चाहिएं। यह कहा गया कि अगस्त, 1985 में एक कानून इन चीजों को रोकने के लिए लाया गया था लेकिन तब भी ये चीजें रुकीं नहीं बल्कि बढ़ती जा रही हैं। बड़ी तादाद में विदेशों से और खासकर पाकिस्तान की सरहद से, राजस्थान की सरहद से ये नशीली चीजें, नारकोटिक्स चीजें, हशीश और दूसरी चीजें स्मगल्ड हो कर आ रही हैं, करोड़ों रुपये की ये चीजें यहां बिक रही हैं। मैं समझता हूं अगस्त, 1985 में कानून पास होने के बाद कोई आदमी इस बारे में पकड़ा नहीं गया। अगर कोई पकड़ा गया, किसी को सजा भी मिली तो वह मामूली है, बहुत ही कम है। जैसा कि और सदस्यों ने अपनी राय जाहिर की कि हजारों की तादाद में करोड़ों की तादाद में इन चीजों की बिक्री होती है, इन चीजों का व्यापार होता है लेकिन वे पकड़े नहीं जाते। जिन एक दो को पकड़ा भी गया और सजा भी मिली उनको जेल में रख दिया गया और अब व्यापार जेलों में भी होता पाया गया है। तिहाड जेल की ही बात ले लीजिए। इस जेल में चार्ल्स शोभराज के पकड़े जाने के बाद और फिर भाग जाने के बाद कई चीज सामने आई हैं। यह पता लगा है कि बड़ी तादाद में जेलों में ये नशीली चीजें पहुंचाई जाती हैं, वहां बिकती हैं। हजारों, लाखों की कीमत के तादाद में ये चीजें बिकती हैं। इसमें न जो सजायाफ्ता हैं वे ही शामिल हैं बल्कि जो जेल अधिकारी हैं, पुलिस आफिसर हैं। जो इसको रोकने वाले हैं वे भी इसमें शामिल हैं। इस मामले का सबंध

4 P.M. स्वास्थ्य मंत्रालय से है, और गृह मंत्रालय से भी इसका संबंध है। किन्तु हमारे गृह मंत्री यहां पर उपस्थित नहीं हैं। मैं चाहता हूं कि गृह मंत्रालय को भी इस तरफ ध्यान देना चाहिए। आपने पिछले दिनों देखा कि किस प्रकार से ये नशीली चीजें जेलों में भी पहुंच जाती हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय को उन तमाम चीजों के संबंध में ध्यान

[श्री बी० सत्यनारायण रेड्डी]

देना चाहिए जिनका संबंध स्वास्थ्य मंत्रालय से है । लेकिन इसके साथ ही मैं स्वास्थ्य मंत्री जी से यह जानना चाहूंगा कि जो कानून इस विषय पर बनाये गये हैं, जो कानून सन 1985 में बना था और उसके पहले जो गांजे अफीम के बारे में कानून थे, उन सब कानूनों के रहते हुए भी आप इन नर्शले पदार्थों के चलन को रोकने में कहां तक सफल हुए हैं ? अभी हालत यह है कि हम जो कानून बनाते हैं उस पर ठीक प्रकार से अमल नहीं होता है । जैसा अभी श्री कल्पनाथ राय ने कहा कि आजादी के आन्दोलन के दौरान महात्मा गांधी जी ने शराब बंदी और नशाबंदी को अपने आन्दोलन का एक हिस्सा बना दिया था । उस जमाने में हर आदमी, चाहे वह किसी भी पार्टी का हो, इस आन्दोलन में शामिल होना अपना फर्ज समझता था और इसमें अपना सहयोग देता था । लेकिन आज हमें आजाद हुए 38 साल हो गये हैं, हम अभी तक शराब बंदी नहीं करा पाये है । जनता सरकार ने गुजरात में शराबबंदी कराई थी लेकिन दूसरे राज्यों में नहीं करा पाये हैं । सरकार जानती है कि नशीली चीजों से काफी नुकसान होते है । गांजा, अफीम, हिरोइन आदि जितने भी नारकोटिक्स हैं उनके संबंध में बनाये गए कानून का सख्ती के साथ पालन किया जाना चाहिए । एक तरफ तो आप नशीली दवाओं के लिए कानून बनाते हैं, लेकिन दूसरी तरफ शराबबंदी नहीं करते हैं तो उन लोगों की तरफ से कहा जाता है कि शराब के लिए आप कानून क्यों नहीं बनाते हैं ? इसलिए जरुरत इस बात की है कि शराब बंदी भी की जानी चाहिए ।

अब मैं कुछ बातों की ओर सरकार का ध्यान दिलाना चाहता हूं । अभी जो कानून हमारे पास हैं उनके तहत हमें इन अपराधियों के खिलाफ सख्त से सख्त कदम उठाना चाहिए और उनको सख्त सजा देनी चाहिए । मैं जो लोग इस काम में लगे हुए हैं, जो इन नशीली चीजों का व्यापार करते है और जो अधिकारी और पुलिस अधिकारी इन चीजों को रोकने में नाकामयाब रहते हैं, रिश्वत लेते हैं, इनको पकड़ने के बाद छोड़ देते हैं, उनके साथ किसी तरह की रियायत नहीं की जानी चाहिए । उन अधिकारियों को भी उसी प्रकार से सजा मिलनी चाहिए जिस प्रकार से इन अपराधियों को मिलती है । इस प्रस्ताव का जो दूसरा भाग है, वह भी बहुत महत्वपूर्ण है । जो भी व्यक्ति नशीली वस्तुओं का आदी हो जाता है उसको सुधारने के लिए एक नेशनल कौंसिल बनाई जानी चाहिए ताकि उन लोगों का ठीक प्रकार से इलाज हो सके और उनका सुधार हो सके । मैं फिर श्रीमती (डा०) नाजमा हेपतुल्ला जी को बधाई देता हूं, मुबारकबाद देता हूं कि वे इस सदन के सामने और देश के सामने एक महत्वपूर्ण विषय को लाई है । वे कांग्रेस की महासचिव हैं । उनकी ही सरकार केन्द्र में है । मैं चाहूंगा कि वे अपनी बात केन्द्रीय सरकार से मनवाये और यह भी प्रस्ताव सदन में पेश किया गया है इसको स्वीकार करायें ।

डा० (श्रीमती) नाजमा हेपतुल्ला : श्रीमन्, मैं देख रही हूं कि इस विषय पर काफी बोलने वाले स्पीकर्स हैं । चूंकि इसके बाद के फ्राइडे को हम इसको नहीं ले सकते हैं, इसलिए आज 5 बजे तक हम इसको खत्म कर दें तो ठीक रहेगा । मंत्री जी भी इसमें बोलना चाहेंगे और हम भी चाहेंगे कि सरकार की तरफ से मंत्री जी इस विषय पर बोलें । तो मेरी अपने स्पीकर्स से यह रेक्वेस्ट है कि वे कम से कम समय लें ...(व्यवधान)....

श्री जगदम्बी प्रसाद यादव : अगले सेशन में हो जायेगा ।

डा० (श्रीमती) नाजमा हेपतुल्ला : कायदे के हिसाब से, रूल्स के हिसाब से नहीं होगा । बिल होता तो दूसरे सेशन में हो सकता था, रेजोल्यूशन नहीं हो सकता है, वह लैप्स हो जायेगा । अगर मंत्री जी जवाब न दे पायेंगे तो फिर हम सब का यहां पर बोलने से क्या फायदा होगा । अतः मेरा निवेदन है, मेरी रेक्वेस्ट है कि मेम्बर्स कृपा करके संक्षेप में बोलें ।

उपाध्यक्ष (श्री एम० पी० कौशिक): पांच-पांच मिनट का समय देंगे ।

Now, Mr. Pawan Kumar Bansal.

SHRI PAWAN KUMAR BANSAL (Punjab): Sir, at the very outset, I thank Dr. Najma Heptulla for bringing into focus the enormity of the problem of drug addiction which, as she rightly said, saps the vitality of the society. According to a recent survey, the number of drug addicts in Bombay was found to be eighty thousand and in Delhi, fifty thousands. Unfortunately, certain undesirable features of the Western society are catching the fancy of our youth and the drug shyndrome seems to have been considered as a concomitant aspect of development or advancement. In India particularly in that part of the country from which I come, that is Punjab, there was abundence of milk and honey. But, unfortunately, even in the rural areas, besides the students, others are falling a prey to drug addiction. If we try to analyse the causes which, in fact, allure the students to drugs, we would see that firstly it is only curiosity. Thereafter it becomes a fashion with the students to go in for drugs and a stage comes when people resort to it for merely escaping from the realities of the world or from the realities of life. Another very important factor which leads to drug addition is social maladjustment. We have seen that the child labourers who do not get an opportunity to go to schools, but who are straight away huddled into factories where there are no recreational facilities for them, also take to drugs. Such tender aged children take to drugs and the result we are all aware of. The drug addicts, instead of being persons with robust health, are young people with sullen faces, with damaged brain and are often victims of hallucination. The children or the young are the future of our country. But if we look at the pethetic state of affairs of the drug addicts, it is, in fact, frightening to imagine as to what the future of the country would be when these people grow up and I am sorry to say that they grow old at a very young age and at the age of 35 they look very old and would leave this world at an age much younger than that of a person who is not a drug addict.

In a welfare society such as ours, it is the endeavour of the Government to provide a decent standard of living to every citizen (*Time bell rings*) In this context, I would refer, because of the time-limit imposed on me, only to one aspect and that is the control over dependence producing drugs and spreading of drug eddiction and my suggestion in this regard is that any number of stringent laws would not be of any help though it is imperative that the smugglers, the drug pedlars and the drug pushers must be dealth with sternly. But it is more a social problem that we have to tackle. And for that it is the assistance of voluntary organisations that has to be sought. More counselling centres have to be set up where there should be a complete record of drug addicts and it is there, besides the hospitals, where drug de-addiction should be considered as a part of the general health services. These centres run by the voluntary agencies should be keenly involved.

Finally, I would like to refer to what Dr. Najma Heptulla said about the role of the media campaign. I would like to strike a note of caution here that over-zealousness on the part of the media would note really help combat drug addiction. Rather it has to be a selective and imaginative publicity that would really help us attain the desired results. Sir, an awareness has to be created amongst the youth of the dangers of drug addiction, of the dangerous consequences that it could have for the country and for the society and it is with the involvement of volunteers

[Shri Pawan Kumar Bansal]

agencies, the parents, the educationists and people of every strata from the society that we can ultimately deal with this problem.

Sir, to conclude, I would once again express my gratitude to the very senior Member of this House, Dr. Najma Heptulla, who has drawn pointed attention of all of us to this problem, and I am sure the various Ministries concerned would look at the problem with its gravity and ultimately help in combating it.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M. P. KAUSHIK): Hon. Members are requested to take not more than five minutes so that each one of them gets a chance to express his views. Shri Jagdambi Prasad Yadav.

श्री जगदम्बी प्रसाद यादव : माननीय उपसभाध्यक्ष जी, अंत में बोलने वाले की दुर्दशा यह भी होती है कि समय की पाबंदी का असर उसी के ऊपर पड़ता है यद्यपि मैं नहीं समझता कि इसमें जल्दबाजी करने की कोई आवश्यकता है। अगर समय कम हो जाए तो हमारे दो प्रस्तावक आशा देखकर ले कर के चले गये है। जितना गम्भीर विषय है मैं समझता हूं कि यह कांग्रेस पार्टी की सरकार उसको गम्भीरता से लेना नहीं चाहती है। बिहार, उत्तर प्रदेश, पश्चिमी बंगाल से जुड़ी हुई 750 मील लम्बी भारत नेपाल सीमा 20 वर्षों से तस्करी का राजपथ बना हुआ है। अगर मैं इसका विस्तृत वर्णन करने लगूं कि कौन कौन से स्थान है तो शायद समय की सीमा का सवाल फिर सामने आ जाता है। लेकिन यह चीज समग्र खुलने वाली है और जब विचार होता है तो सिर्फ स्वास्थ्य मंत्रालय ही नहीं बल्कि वित्त मंत्रालय का भी पूरा पार्ट है और इससे हमारे वित्त के ऊपर भी बुरा प्रभाव पड़ता है। साथ ही साथ हमारे चरित्र और स्वास्थ्य और प्रशासन पर भी प्रभाव पड़ता है। राजस्थान की डेढ़ हजार किलोमीटर लम्बी सीमा आजकल तस्करी का अखाड़ा बनी हुई है। यह सीमाएं ऐसी है जिस पर लगता है कि यहां पर प्रशासन की पकड़ नहीं है बल्कि पकड़ तस्करों की है। तस्कर आज अपने पैसे के बल से फायनेंस के बल पर जितनी चाहें तस्करी कर लें कोई रोकने वाला नहीं है। मैं एक गांव के बारे में आपको बताना चाहता हूं क्योंकि मैं गांव से आता हूं। मैं यह बताना चाहता हूं कि यह ड्रग एडिक्शन वाली चीज धीरे धीरे गांवों में कैसे जा रही है। इस चीज को मैं आपके समाने रखना चाहता हूं। दिल्ली के बगल में सोनीपत में एक नाहरी गाँव है वहां पर एक चाय-पान की दुकान है। उस दुकान पर स्मैक जो हीरोइन से बनता है बिक्री होता है यह इतनी खतरनाक चीज है यदि इसका सेवन 6 वर्ष तक हो जाए तो आदमी की जान जा सकती है। दिल्ली से 12 सौ रुपये में जाता है, वहां तीन हजार रुपये में बिकता है। 15–20 आदमी उस गांव में इसको बेचने वाले हैं। 15–25 वर्ष युवकों में बड़ा लोकप्रिय है। यह स्मैक की करामत है और साथ ही गांव में एक्स मिलिटरी मैन भी है उनकी छावनी से शराब सस्ती दर में मिलता है। उनको यह ले आते हैं। गांवों मे पहले चरस, अफीम, गांजा चलता था स्मैक नहीं चलता था अब वहां ये सब चीजें पहुंच गयीं हैं। अभी दिल्ली के गांव में पहुंची है बाद मे देश के अन्य गांवों में भी पहुंचेगी। मैं इतना ही कहना चाहता हूं कि यह महात्मा गांधी का देश है जिन्होंने आजादी की लड़ाई के साथ, चूंकि दवा की दास्तां, नशीले पदार्थों की दास्तां हो यह भी आदमी की एक गुलामी से दूसरी गुलामी को कहते है हैबिट इज नैक्स्ट स्लेवरी कहा जाता है अत: उन्होंने इन नशीले पदार्थों को रोकने के लिए भी सतत प्रयत्न किया था, सामाजिक ढंग से किया था। उपसभापति महोदय, अफीमची चीन अफीम का डिब्बा फेंक कर जागकर आज एक जागृत राष्ट्र है दुनिया में तीसरा राष्ट्र बनकर खड़ा हो गया है लेकिन यह भारत जिसने दुनिया को संस्कृति का पाठ पढ़ाया, सदाचार के चरित्र का अनुशासन का पाठ पढ़ाया उसमें गांव-गांव में शराब की नशीली चीजों की दुकाने खुलती जा रही है। अब तो लोग गांजा भांग भूलकर अफीम मैंड्रेक्स टेबलेट हशीश आदि जो ये सब नाम हमारे माननीय सदस्यों ने गिनाए हैं इनको लेते हैं। मैं दो छोटी सी चीजों का नाम लेना चाहता हूं आज एडिक्शन ड्रग का काम पथेडीन ड्रग भी ले

